**न्यूयार्क**। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गर्दन में दर्द और प्रत्येक सेट में पिछड़ने के बावजूद वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिचर्ड बेरानकिस पर 7-6 (2), 6-4 की जीत से एटीपी टूर में वापसी की। महिला वर्ग में सेरेना विलियम्स और नाओमी ओसाका को जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा जबकि मौजूदा चैंपियन मेडिसन कीज बाहर हो गई। जिन्हें औंस जाबेर ने 6-4, 6-1 से हराया। इससे पहले पुरुष वर्ग में तीन बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले डोमिनिक थीम को फिलिप क्राजिनोविच ने 6-2, 6-1 से हराया। एंडी मर्रे ने विश्व के नंबर पांच अलेक्सांद्र जेवरेव को 6-3, 3-6, 7-5 से पराजित करके बाहर का रास्ता दिखाया। सेरेना ने नीदरलैंड की क्वालीफायर और विश्व में 72वें नंबर की अंरात्सा रस को तीन सेट तक चले मैच में 7-6 (6), 3-6, 7-6 (0) से हराया। यह मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। ओसाका ने भी कारोलिना मुचोवा को तीन सेट में 6-7 (5), 6-4, 6-2 से हराया। जोकोविच का सामना अब अमेरिका के टेनिस सैंडग्रेन से होगा जिन्होंने 15वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलिसीमे को 6-7 (4), 6-2, 7-6 (5) से शिकस्त दी।

## ब्राजीली फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो पराग्वे में रिहा

आसुनसियोन (**पराग्वे**)। ब्राजील के पूर्व फुटबॉल स्टार रोनाल्डिन्हो को पराग्वे में जाली पासपोर्ट से प्रवेश करने के कारण पांच महीने तक होटल में नजरबंद रहने के बाद अब रिहा कर दिया गया है। पराग्वे के जज गुस्तावो अमरिल्ला ने रोनाल्डिन्हो ओर उनके भाई राबर्टो डि आसिस मोरीरा को दो साल की जेल की निलंबित सजा सुनाई और उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। इन दोनों भाईयों को दो लाख डॉलर का जुर्माना भी भरना होगा। रोनाल्डिन्हो और उनके भाई को मार्च में पराग्वे के जाली पासपोर्ट से देश में प्रवेश करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। दोनों व्यावसायिक गतिविधियों के लिए पराग्वे आए थे। इस दिग्गज फुटबॉलर को इससे पहले पराग्वे की बेहद सुरक्षा वाली जेल में रखा गया था लेकिन बाद में उन्हें वहां से रिहा करके एक आलीशान होटल में नजरबंद कर दिया गया था। दोनों भाई अब तुरंत अपने देश ब्राजील लौट सकते हैं।

## जेलेना ओस्टापेंको यूएस ओपन से हटी

**न्यूयार्क**। फ्रेंच ओपन 2017 की चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको कार्यक्रम में बदलाव के कारण यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं। इस तरह से वह ग्रैंडस्लैम चैंपियन या शीर्ष रैंकिंग वाली उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई है जिन्होंने कोरोना वायरस महामारी के बावजूद अगले सप्ताह से शुरू होने वाले यूएस ओपन से नाम वापस लिया है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष आठ में शामिल छह खिलाड़ी पहले ही इस टूर्नामेंट से हट गई थी। इनमें पिछले साल की फ्रेंच ओपन चैंपियन और नंबर एक एशले बार्टी तथा यूएस ओपन में 2019 की विजेता और नंबर छह बियांका आंद्रीस्कू भी शामिल हैं। कार्ला सुआरेज नवारो ने भी सोमवार को टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। ओस्टापेंको और सुआरेज नवारों के हटने के कारण कुरुमी नारा और व्हिटनी ओसीग्वे को मुख्य ड्रा में जगह दी गई है।

# खाड़े ने निजी कारणों से राष्ट्रीय तैराकी शिविर से नाम वापिस लिया

**भाषा**। नई दिल्ली



**एशियाई** खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े ने मंगलवार को निजी कारणों का हवाला देकर दो महीने चलने वाले राष्ट्रीय अभ्यास शिविर से नाम वापिस ले लिया। खाड़े को श्रीहरि नटराज और कुशाग्र रावत के साथ शिविर के लिए दुबई जाना था। उन्होंने कहा कि मैने निजी कारणों से शिविर में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। खाड़े महाराष्ट्र में तहसीलदार के पद पर तैनात हैं। वह अपने नियोक्ता से छुट्टी मिलने का इंतजार कर रहे थे। एसएफआई महासचिव मोनल चोकसी ने बताया कि फिलहाल ऐसा लग रहा है कि जब तक अनुमति नहीं मिलती वह शिविर में भाग नहीं ले पाएंगे। उन्होंने कुछ समय पहले इसके लिए अनुमति मांगी थी लेकिन तब इनकार कर दिया गया था। वह फिर से कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें अनुमति नहीं मिली तो शायद वह इस विशेष सत्र में भाग नहीं ले पाएंगे। श्रीहरि नटराज, कुशाग्र रावत और कोच एसी जयराजन ने मंगलवार सुबह दुबई के लिए उड़ान भरी। तैराक साजन प्रकाश भी उनसे जुड़ेंगे। शिविर में भाग लेने वाले तैराकों की सूची में उन्हें बाद में शामिल किया गया। प्रकाश तैराकी मीट के अभ्यास के लिए फरवरी में फुकेट गए थे और तब से वहीं रह रहे हैं। चोकसी ने कहा कि साजन प्रकाश भी वहां आज पहुंच जाएंगे। सभी तीनों तैराकों की वहां पहुंचने पर कोविड-19 जांच होगी और तरणताल में जाने से पहले उन्हें चार दिनों तक पृथकवास पर रहना होगा। चोकसी ने कहा कि यहां से रवाना होने से पहले सभी की कोविड-19 जांच हुई और वहां पहुंचने के बाद भी उनका परीक्षण होगा। इसके बाद उन्हें चार दिनों तक पृथकवास पर रहना होगा। तैराक दुबई की एक्वा नेशन स्विमिंग एकेडमी में अभ्यास करेंगे। भारत के छह तैराकों ने अपने-अपने वर्ग में ओलंपिक का बी क्वालीफिकेशन हासिल किया है जिनकी कोशिश एक साल की देरी से हो रहे तोक्यो ओलंपिक के लिए ए क्वालीफिकेशन हासिल करने की होगी। इसमें नटराज, खाड़े, प्रकाश, रावत के अलावा आर्यन मखीजा और अद्वैत पेज भी शामिल है।

# यूएई में जमेंगे नाडा के अधिकारी कम से कम 50 नमूने लेगी

### आईपीएल में डोप परीक्षण

**भाषा**। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के तीन अधिकारी और छह डोप नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) 19 सितंबर से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों के नमूने लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाएंगे। नाडा के सूत्रों के अनुसार एजेंसी दस नवंबर तक चलने वाले इस टी20 टूर्नामेंट में प्रतियोगिता के दौरान और प्रतियोगिता से इतर कम से कम 50 नमूने एकत्रित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, नाडा के नौ लोग यूएई में रहेंगे और अगर उन्हें जरूरत पड़ी तो वे यूएई के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन की मदद भी लेंगे।

नाडा की तीन स्थलों में से प्रत्येक स्थल पर तीन टीमें होंगी जिसमें एक अधिकारी और दो डीसीओ शामिल होंगे। इसके अलावा स्थानीय डोपिंग रोधी संगठन के कर्मचारी भी प्रत्येक स्थल पर रहेंगे। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि इसका पूरा खर्चा नाडा वहन करेगा या बीसीसीआई इसमें योगदान देगा क्योंकि टूर्नामेंट भारत से बाहर आयोजित किया जा रहा है। भारत में नमूने एकत्र करने, परिवहन और परीक्षण का खर्चा नाडा वहन करता है। सूत्रों ने बताया कि नाडा के अधिकारियों को बीसीसीआई के जैव सुरक्षित वातावरण में ही रहने के लिए कहा जाएगा। नाडा ने बीसीसीआई से यूएई में पांच डोप नियंत्रण स्टेशन तैयार करने के लिए कहा है। इनमें से तीन अबुधाबी, शारजाह और दुबई के मैच स्थल पर जबकि दो दुबई और अबुधाबी में अभ्यास केंद्रों पर होंगे। नमूनों की संख्या भले ही सीमित हो सकती है लेकिन संभावना है कि बीसीसीआई कुछ रक्त नमूने भी एकत्रित कर सकता है क्योंकि दुबई से दोहा तक नमूनों को पहुंचाना आसान होगा। दोहा में वाडा से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है।

## दिल्ली कैपिटल्स ने रेयान हैरिस को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

### कोच कुंबले काफी मददगार साबित होंगे: राहुल

**दुबई**। लोकेश राहुल को उम्मीद है कि मुख्य कोच अनिल कुंबले अधिकांश रणनीतियां बनाएंगे जिससे यूएई में 19 सितंबर से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान के रूप में पदार्पण करते हुए उन्हें काफी मदद मिलेगी। बाकी सात टीमों की तरह किंग्स इलेवन पंजाब की टीम भी यूएई में छह दिवसीय अनिवार्य पृथकवास से गुजर रही है। टीम में कप्तान राहुल, मयंक अग्रवाल और करूण नायर के रूप में कर्नाटक के काफी खिलाड़ी हैं जबकि मुख्य कोच कुंबले भी कर्नाटक के हैं। राहुल ने आईपीएल वेबसाइट से कहा, अनिल भाई जैसे व्यक्ति के मौजूद रहने से इस सत्र में मुझे काफी मदद मिलेगी।

## जूडो खिलाड़ी निलंबित

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** जूडो खिलाड़ी दीपांशु बालयान को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने प्रतिबंधित पदार्थ फ्यूरोसेमाइड के सेवन के कारण 22 महीने के लिए निलंबित किया है। फ्यूरोसेमाइड एक डायूरेटिक दवा है। पिछले साल जूनियर एशियाई जूडो चैंपियनशिप की राष्ट्रीय टीम के चयन के लिए जून में भोपाल में ट्रायल के दौरान बालयान का नमूना लिया गया था जो प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव आया।

## वैश्विक पर्यटन को पांच माह में 320 अरब डॉलर का नुकसान

**संयुक्त राष्ट्र**। कोरोना वायरस महामारी की वजह से वैश्विक पर्यटन उद्योग पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को कहा कि इस महामारी की वजह से पर्यटन उद्योग को इस साल के पहले पांच महीनों में 320 अरब डॉलर के निर्यात का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग में 12 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। गुतारेस ने वीडियो संबोधन में कहा कि पर्यटन वैश्विक अर्थव्यवस्था का ईंधन और रसायन के बाद तीसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र है। 2019 में वैश्विक व्यापार में इसका हिस्सा सात प्रतिशत रहा था।

# रिजर्व बैंक ने 2019-20 में 2,000 के नए नोट नहीं छापे: वार्षिक रिपोर्ट

### प्रचलन में कुल मुद्राओं में 2,000 के नोट का हिस्सा मार्च के अंत तक घटकर 2.4 प्रतिशत रह गया

**भाषा**। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने 2019-20 में 2,000 रुपये के नए नोटों की छपाई नहीं की। इस दौरान 2,000 के नोटों का प्रसार कम हुआ है। रिजर्व बैंक की 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2018 के अंत तक चलन में मौजूद 2,000 के नोटों की संख्या 33,632 लाख थी, जो मार्च, 2019 के अंत तक घटकर 32,910 लाख पर आ गई। मार्च, 2020 के अंत तक चलन में मौजूद 2,000 के नोटों की संख्या और घटकर 27,398 लाख पर आ गई। रिपोर्ट के अनुसार प्रचलन में कुल मुद्राओं में 2,000 के नोट का हिस्सा मार्च 2020 के अंत तक घटकर 2.4 प्रतिशत रह गया। यह मार्च, 2019 के अंत तक तीन प्रतिशत तथा मार्च, 2018 के अंत तक 3.3 प्रतिशत था। मूल्य के हिसाब से भी 2,000 के नोटों की हिस्सेदारी घटी है। आंकड़ों के अनुसार मार्च, 2020 तक चलन में मौजूद कुल नोटों के मूल्य में 2,000 के नोट का हिस्सा घटकर 22.6 प्रतिशत रह गया। यह मार्च, 2019 के अंत तक 31.2 प्रतिशत और मार्च, 2018 के अंत तक 37.3 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 से तीन साल के दौरान 500 और 200 रुपए के नोटों के प्रसार में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। मूल्य और मात्रा दोनों के हिसाब से 500 और 200 रुपये के नोट का प्रसार बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019-20 में 2,000 के करेंसी नोट की छपाई के लिए कोई ऑर्डर नहीं दिया गया। भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लि. (बीआरबीएनएमपीएल) तथा सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एसपीएमसीआईएल) की ओर 2,000 के नोट की कोई नई आपूर्ति नहीं की गई। 2019-20 में बैंक नोटों के लिए ऑर्डर एक साल पहले की तुलना में 13.1 प्रतिशत कम थे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Somnath Negi S/o Gajendra Singh Negi R/o C-437, Nirman Vihar, Delhi-110092 have changed my name Somnath to Somnath Negi for all future purposes.
PD(8726)A

PUBLIC NOTICE

Be it know to all concerned that my clients **Sh. Gurdeep Singh** S/o Late German Singh and Smt. Hardeep Kaur W/o Gurdeep Singh both R/o Flat No 360, GH-9, Paschim Vihar, Delhi-110087, have disowned their real son **Gurpreet Singh Date of birth is 22-08-1985** from all their movable/ immovable properties and severed all their relations both legal & social with his due to disrespectful behavior. Any person dealing with his, they shall be doing so at his/her own risk, and my clients shall not be responsible for the same.
Advocate : Sanjeev Dwivedi
48, Gajanand Block, Tis Hazari Courts, N.D-54

SUPRA INDUSTRIAL RESOURCES LTD.
Regd. Off: 1212, Hemkunt Chamber, 89, Nehru Place, New Delhi-110019
CIN: L65999DL1985PLC019987
Website: www.supraindustrialresources.in
Email: supra1985@gmail.com / supraexchange.com@gmail.com

NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to Section 191(1) of the Companies Act, 2013, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from 21st September, 2020 to 30th September, 2020 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting of the Company which is scheduled to be held on Wednesday the 30th September, 2020.

By order of the Board,
For Supra Industrial Resources Limited
Sd/-
Anuradha Malik
Place: New Delhi (Company Secretary)
Date: 14th August, 2020 M.No. A 60626

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार सुनील, अपनी संपत्ति प्लॉट न. 17-ए, खसरा न. 150 मिन, क्षेत्रफल 110 वर्ग गज, आकाश नगर, गाजियाबाद को कुंवर नजीम, कृष्ण पाल, जिले सिंह तेवाटियाइन से खरीदकर सेटिन हाउसिंग फाइनान्स लिमिटेड के साथ बंधक रख रहा है, तथा उक्त संपत्ति से सम्बंधित मूल विक्रय विलेख जिसे सहँसरपाल ने पवन चौधरी के पक्ष में किया था, जिसका पंजीकरण उप पंजीयक - गाजियाबाद, मे प्रलेख संख्या- 3575 दिनांक 14.06.2011 को हुआ था, खो गया है, यह सूचित किया जाता है की उक्त दस्तावेज के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय सुनील, कुंवर नजीम, कृष्ण पाल, जिले सिंह तेवाटियाइन और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. अगर किसी व्यक्ति ने उक्त दस्तावेज को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 8 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे। तथा उक्त कागजो को वापस कर दे।
हस्ता./-
एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. 760, द्वारका कोर्ट
सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-75
मो. 9899013918

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार बीरनामी सिंह, अपनी संपत्ति प्लॉट न. 27-एन, खसरा न. 689, क्षेत्रफल 60 वर्गगज, राम सादिक नगर, गाजियाबाद को धर्मेंदर से खरीदकर सेटिन हाउसिंग फाइनान्स लिमिटेड के साथ बंधक रख रहा है, तथा उक्त संपत्ति से सम्बंधित मूल विक्रय विलेख जिसे अल्पना त्यागी तथा संतोष त्यागी ने कमलेश के पक्ष में किया था, जिसका पंजीकरण उपपंजीयक - गाजियाबाद, पर दिनांक 26.05.2010 को हुआ था, खो गया है, यह सूचित किया जाता है की उक्त दस्तावेज के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय बीरनामी सिंह, धर्मेंदर और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. अगर किसी व्यक्ति ने उक्त दस्तावेज को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 8 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे। तथा उक्त कागजो को वापस कर दे।
हस्ता./-
एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. 760, द्वारका कोर्ट
सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-75
मो. 9899013918

रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड
सीआईएन : एल74899डीएल1986पीएलसी023934,
पंजीकृत एवं मुख्य कार्यालय : 101, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन : 011-40453332
ई-मेल : cs@rungtairrigation.in
वेबसाइट : www.rungtairrigation.in

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के प्रावधानों के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 02 सितम्बर, 2020 को मध्या. 12.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय : 101, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008 में, अन्य के साथ निम्नलिखित पर विचार और अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी :
1. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु निदेशक की रिपोर्ट, कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट तथा प्रबंधन और विचार-विमर्श विश्लेषण रिपोर्ट।
2. आगामी वार्षिक सामान्य बैठक हेतु तिथि, समय और स्थान नियत करना और प्रारूप सूचना अनुमोदित करना।
3. श्री महाबीर प्रसाद रूंगटा (डीआईएन : 00235632) की अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के रूप में 29 सितम्बर, 2020 की प्रभावी तिथि से दिसम्बर, 2025 तक पांच वर्ष की अवधि हेतु पुनरनियुक्ति।
4. शेयर अंतरण बहियां तथा सदस्यों की पंजिका बंदी की तिथि नियत करना।
5. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए वार्षिक सामान्य बैठक के लिए ई-वोटिंग के प्रयोजनार्थ संवीक्षक की नियुक्ति।
बोर्ड विचारार्थ विषय-सूची के अनुसार अन्य आवश्यक प्रस्तावों पर भी विचार और अनुमोदन कर सकता है।
वास्ते रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड
हस्ता./-
प्रतीक शर्मा
स्थान : नई दिल्ली (कम्पनी सचिव
तिथि : 25-08-2020 एवं अनुपालन अधिकारी)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट सं0 एफ-124, राम विहार, सेक्टर 30, नौएडा-201301 (उ0प्र0) का स्वामित्व स्व0 लेफ्टिनेंट कर्नल बिरिन्दर सिंह के मृत्योपरान्त उनकी पत्नी स्व0 रीना बिरिन्दर सिंह के पक्ष में हो गया। पंजीकृत वसीयतनामा के अनुसार उक्त फ्लैट अब स्व0 रीना बिरिन्दर सिंह की कानूनी उत्तराधिकारी उनकी पुत्री गितीका मेहता, निवास - 17 अशोक मार्ग, लखनऊ है। किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों जिन्हें विरासत/ दावे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर नौएडा प्राधिकरण के ग्रुप हाऊसिंग विभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6, नौएडा के समक्ष आपत्ति दर्ज करायें।

कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
(सीआईएनः एल70109डीएल1980पीएलसी169318)
पंजी. कार्यालयः प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
मोबाइल नंबरः 7303495374 ई-मेलः camaccommercial@gmail.com
वेबसाइटः www.camaccommercial.com

सूचना
शेयरधारकों के ध्यानार्थ

एतद्द्वारा शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए, कार्पोरेट मंत्रालय ने सर्कुलर दिनांकित 5 मई, 2020 के द्वारा कलैंडर वर्ष 2020 के दौरान कम्पनियों की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से संचालित करने हेतु मंजूरी प्रदान की है। इसी प्रकार भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपने सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020 के माध्यम से सूचीबद्ध संस्थाओं को एजीएम के संचालन में कुछ छूट मंजूर की है।
उपरोक्त प्राधिकरणों द्वारा जारी सर्कुलर्स के अनुसार, शेयरधारकों को एतद्द्वारा निम्नानुसार सूचित किया जाता है:
शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न किए जाने हेतु अपेक्षित अन्य दस्तावेजों की भौतिक प्रतियों के प्रेषण की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है तथा ये विवरण सदस्यों और इसके अन्य सभी हकदार व्यक्तियों को केवल ई-मेल द्वारा भेजे जाएंगे।
उपरोक्त के दृष्टिगत, शेयरधारकों से, निच टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट) को नाम, फोलियो नंबर, शेयरों की संख्या, सर्टिफिकेट नंबर इत्यादि एवं खाता विवरण के उल्लेखयुक्त अनुरोध पत्र ई-मेल आईडी nichetechpl@nichetechpl.com पर 05 सितम्बर, 2020 को अथवा पूर्व भेजकर अपना ई-मेल पता पंजीकृत करवाने का अनुरोध किया जाता है।
यदि शेयरधारकों को कोई संदेह है, तो वे अपने प्रश्न कम्पनी को मेल आईडीः camaccommercial@gmail.com पर भेज सकते हैं अथवा निच टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से फोन नंबर (033) 2280-6616/17/18 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
तिथिः 25-08-2020 श्रीवास्तव
स्थानः नई दिल्ली (कम्पनी सेक्रेटरी)

सार्वजनिक सूचना

यह है कि टेक्समेको इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड होल्डिंगस लिमिटेड (जिसे पूर्व मे बिरला कोटन स्पिनिंग एण्ड विविंग मिल्स के नाम से जाना जाता था) के पास निम्न भूमि से संबंधित मूल दस्तावेजो की प्रति कही खो /गुम हो गयी है और मिल नही पा रही है -
खसरा नं0 622/78 (2-4), 622/79 (0-2), 82 (0-5), 76 (43-17), 77 (65-17), 84 (4-16), 83 (1-1), 85 (0-11), 87 (0-4), 88 (0-7), गांव दिल्ली गांव, तहसील एवं जिला दिल्ली, और जिनका भूखण्ड संख्या-7395, 7396 से 7643 एवं 7651, जी0टी0 रोड़, पोस्ट ऑफिस बिरला लाईन्स, दिल्ली-07, जिसे 'बिरला मिल्स' के नाम से भी जाना जाता है
आम जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है की सम्पत्ति के टाईटल दस्तावेजों के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी तरीके से व्यवहार, उपयोग या लेन-देन नही करना चाहिए और उपरोक्त सम्पत्ति के टाईटल दस्तावेजों के संरक्षण मे किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई भी जानकारी होने पर आग्रह किया जाता है कि वह अधोहस्ताक्षरी से संर्पक करे
शिवम सचदेवा (अधिवक्ता)
फोन नंबरः 09971919904
हाउस नंबर 31-सी,
समय विहार अपार्टमेंट,
रोहिणी, सेक्टर-13, दिल्ली-110085

सार्वजनिक सूचना

आम जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि हमारे मुव्वकिल टेक्समेको इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड होल्डिंगस लिमिटेड (जिसे पूर्व मे बिरला कोटन स्पिनिंग एण्ड विविंग मिल्स के नाम से जाना जाता था) के साथ निम्न भूमि के संदर्भ मे सौदा करने के इच्छुक है -
खसरा नं0 622/78 (2-4), 622/79 (0-2), 82 (0-5), 76 (43-17), 77 (65-17), 84 (4-16), 83 (1-1), 85 (0-11), 87 (0-4), 88 (0-7), गांव दिल्ली गांव, तहसील एवं जिला दिल्ली, और जिनका भूखण्ड संख्या-7395, 7396 से 7643 एवं 7651, जी0टी0 रोड़, पोस्ट ऑफिस बिरला लाईन्स, दिल्ली-07, जिसे 'बिरला मिल्स' के नाम से भी जाना जाता है (**विषय सम्पत्ति**) एवं उसके उपर किये गए निर्माण सहित
कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान विषय भूमि या उसके किसी हिस्से के सम्बन्ध में कोई हक, स्वामित्व, दावा, मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विषय भूमि के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा, समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता/बंदोबस्त डिक्री या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी/व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 15 (पंद्रह दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित मे दस्तावेजी सबूतों के साथ सूचित कर सकते हैं, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विषय विषय भूमि के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विषय भूमि पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।
वैभव सूरी/मंजूल मंत्री (अधिवक्ता)
एल एण्ड एल पार्टनर्स नई दिल्ली
103 एवं 9वां तल, अशोका स्टेट,
बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001
दूरभाष; 011-41215100
ई-मेलः vsuri@luthra.com,
mmantri@luthra.com

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
**शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005
ऋण खाता नंबर **एलबीडीईएल00001789767, एलबीडीईएल00002005868** तथा कर्जदार नाम सुरेश पालान के संबंध में दिनांक **17 दिसम्बर, 2019** को युगमार्ग (अंग्रेजी) तथा पायनियर (हिन्दी) में प्रकाशित सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत भौतिक कब्जा की सरफासी सूचना। हम यह उल्लेख करने के इच्छुक हैं कि उक्त प्रकाशन में असावधानीवश और बिना इरादा एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा भौतिक कब्जा की तिथि दिनांक 13 दिसम्बर, 2019 के स्थान पर दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 वर्णित की गई है।
हम अतएव, आपसे उसको **13 दिसम्बर, 2019** के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त प्रकाशन मे वर्णित अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेगा।
तिथि : अगस्त 26, 2020 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

गुमशुदा की तलाश


पूजा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** पूजा, **पुत्रीः** शिशुपाल, **पताः** मकान नं. 826, पॉकेट-4, सेक्ट.-ए-6, नरेला, दिल्ली, **उम्रः** 16 साल, **कदः** लगभग 5', **रंगः** गोरा, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** नीली जींस, मेहंदी रंग की टॉप और पैरों में काली चप्पल पहनी है, जो दिनांक 07.08.2020 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **FIR No. 339/2020, U/s363 IPC, दिनांक 07.08.2020, थानाः नरेला, दिल्ली** में दर्ज है।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-23011334
DP/414/ON/2020
थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन, नरेला, दिल्ली
फोनः 011-27280435, 27282350 & 7065036323

पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का कटी-फटी मृत शव **नाम** : मालूम नही, पुत्र मालूम नही, **निवास** : मालूम नही, **उम्र** : लगभग 40-45 वर्ष, **कद** : 5' 7", **पहनावा** : बिना कपडे पहने है जो KM Pole No. 1518/25 & 27 रेलवे ट्रेक नजदीक बदरपुर बोर्डर, दिल्ली में मिला था। इस बाबत **DD No. 9A दिनांक 22.08.2020 थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है।
इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।
हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली
DP/4449/RLY/2020 फोन : 011-24358593

पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोनः +91-7303495375 सीआईएनः एल65929डीएल1947पीएलसी001240
ई-मेलः pnbfinanceindustries@gmail.com,
वेबसाइटः www.pnbfinanceandindustries.com

सूचना
शेयरधारकों के ध्यानार्थ

एतद्द्वारा शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए, कार्पोरेट मंत्रालय ने सर्कुलर दिनांकित 5 मई, 2020 के द्वारा कलैंडर वर्ष 2020 के दौरान कम्पनियों की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से संचालित करने हेतु मंजूरी प्रदान की है। इसी प्रकार भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपने सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020 के माध्यम से सूचीबद्ध संस्थाओं को एजीएम के संचालन में कुछ छूट मंजूर की है।
उक्त प्राधिकरणों द्वारा जारी सर्कुलर्स के अनुसार, शेयरधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है :
1. शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न किए जाने हेतु अपेक्षित अन्य दस्तावेजों की भौतिक प्रतियों के प्रेषण की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है तथा ये विवरण सदस्यों और इसके अन्य हकदार व्यक्तियों को केवल ई-मेल द्वारा भेजे जाएंगे।
2. शेयरधारक, जिसका खाता विवरण कम्पनी के पास पंजीबद्ध है, उसको कोई भी लाभांश इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा भेजा जाएगा, तथापि ऐसे विवरण की अनुपलब्धता की स्थिति में लाभांश चैक का प्रेषण डाक सेवा सामान्य होने के पश्चात किया जाएगा।
उपरोक्त के दृष्टिगत, शेयरधारकों से, लाभांश राशि के सुगम अंतरण के लिए, स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट) को नाम, फोलियो नंबर, शेयरों की संख्या, सर्टिफिकेट नंबर इत्यादि एवं खाता विवरण के उल्लेखयुक्त अनुरोध पत्र ई-मेल parveen@skylinerta.com पर 05 सितम्बर, 2020 को अथवा पूर्व भेजकर अपना ई-मेल पता एवं अद्यतनकृत बैंक खाता विवरण पंजीकृत करवाने का अनुरोध किया जाता है।
यदि शेयरधारकों को कोई संदेह है, तो वे अपने प्रश्न कम्पनी को मेल pnbfinanceindustries@gmail.com पर भेज सकते हैं अथवा स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से फोन नंबर 011-26812682/83 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
तिथिः 25-08-2020 श्वेता सक्सेना
स्थानः नई दिल्ली कम्पनी सेक्रेटरी

SHWETA SAXENA
Digitally signed by SHWETA SAXENA

रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : ई-205, (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली-110048
सीआईएनः एल15500डीएल1994पीएलसी153183,
ई-मेल आईडीः info@regententerprises.in फोन नंबरः 011-29213191
30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2020 (अलेखापरीक्षित) | पूर्व तिमाही समाप्त 31-03-2020 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2020 (लेखापरीक्षित) | संगत तिमाही समाप्त 30-06-2019 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 14,106.71 | 14,273.18 | 58,474.59 | 14,249.25 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 76.80 | (117.67) | 34.44 | 25.69 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/ अथवा असाधारण मदों के बाद) | 76.80 | (126.26) | 43.03 | 25.69 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 51.80 | (109.54) | 25.97 | 18.19 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | **51.80** | **(202.84)** | **(67.33)** | **18.19** |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) - मूल | 0.15 | (0.33) | 0.08 | 0.05 |
| तनुकृत | 015 | (0.33) | 0.08 | 0.05 |

नोट :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा दिनांक 24-08-2020 को अप. 3.00 बजे आयोजित इसकी बैठक में पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 24-08-2020 को अप. 4.00 बजे आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।
2. तिमाही के दौरान शेयरधारकों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अतः वर्तमान में कम्पनी के विरूद्ध कोई शिकायत लम्बित नहीं है।
3. पूर्व वर्ष के आंकड़े, जहां आवश्यक है, पुनर्समूहित तथा पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
4. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट https:/www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट http:/regententerprises.in पर उपलब्ध है।
वास्ते रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता./-
विकास कुमार
स्थानः नई दिल्ली पूर्णकालिक निदेशक
तिथिः 25-08-2020 डीआईएनः 05308192